दैनिक भास्कर

नागौर भास्कर 13-04-2022

बीजीय मसाला अनुसंधान संस्थान तबीजी अजमेर का एक किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

मूंडवा के भैरु नाडा पर आयोजित किया शिविर, योजना की जानकारी दी

भास्कर संवाददाता | मूंडवा

मंगलवार को राष्ट्रीय बीजीय मसाला अनुसंधान संस्थान तबीजी अजमेर द्वारा एक किसान प्रशिक्षण शिविर का आयोजन किया गया। मारवाड़ मूंडवा स्थित भैरू नाडा पर आयोजित की गई। जिसमें साउथ एशिया बायो टेक्नोलॉजी व डीबीटी के संयुक्त तत्वावधान में लाभान्वित 10 किसानों को नेपसेक स्प्रे मशीन व किसान टॉर्च दी गई। इससे पहले हुई टैनिंग में किसानों को वर्मी कंपोस्ट इकाई व त्रिपाल द्वारा भी लाभान्वित किया गया। कार्यक्रम में एनआरसीएसएस के प्रमुख वैज्ञानिक डॉ एसएस मीणा द्वारा किसानों को नागौरी मैथी का बीज तैयार करने व सुरक्षित रख रखाव पर मार्गदर्शन किया गया।

मुंडवा. प्रशिक्षण शिविर में उपस्थित किसान।

साथ ही डॉक्टर मुरलीधर मीणा ने किसानों को कम लागत में तकनीकी कार्य करके खेती करने के लिए तकनीकी बातों पर चर्चा की। कार्यक्रम के अंत में तकनीकी सहायक प्रमोद अग्रवाल ने किसानों को खेती के वीडियो दिखाकर जागरूक किया। अंत में अंबुजा सीमेंट फाउंडेशन के गब्बर सिंह ने जीरा का बीज तैयार करने के बारे में बताया।